# टास्क के नाम से उड़ाए थे महिला के 1 .63 लाख रुपए

- अकाउंट होल्डर सहित 6 गिरफ्तार
- कमीशन के लालच में किराये पर दिए खाते
- साइबर ठगी का अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क उजागर



नव भारत न्यूज

**इंदौर. कमीशन के चक्कर में युवाओं के बैंक खाते किराये पर लेकर साइबर ठगी की रकम विदेश भेजने वाले संगठित गिरोह का एरोड्रम पुलिस ने भंडाफोड़ किया है. मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके जरिए ठगी की राशि क्रिप्टो करेंसी में बदलकर चीनी कंपनियों तक पहुंचाई जा रही थी.**

थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी ने बताया कि मामला कृष्णबाग कॉलोनी निवासी सलोनी नांदेकर की शिकायत से सामने आया, जिन्हें शेयर बाजार में मोटे मुनाफे का झांसा देकर साइबर ठगों ने 1 लाख 63 हजार 600 रुपए की चपत लगा दी थी. इस पर एरोड्रम थाने में बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी. बैंक ट्रांजेक्शन की तकनीकी पड़ताल में पुलिस को एक संगठित नेटवर्क के संकेत मिले. जांच के दौरान सबसे पहले खाताधारक तोफिक रहमानी निवासी नूरानी नगर को पकड़ा गया, जिसने कमीशन के बदले अपने और अपने भाई के बैंक खाते उपलब्ध कराने की बात कबूली. उसकी निशानदेही पर नेटवर्क संचालक हिमांशु वर्मा को गिरफ्तार किया. इसके बाद फरहान, जितेंद्र रावल और प्रवीण चौहान को भी हिरासत में लिया.

### घर बैठे कमाई का लालच देकर किराए पर लेते थे बैंक खाता

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी युवाओं को घर बैठे कमाई और कमीशन का लालच देकर उनके नाम से बैंक खाते खुलवाते थे. साइबर ठगी, अवैध गेमिंग और फर्जी निवेश से आई रकम इन खातों में मंगवाई जाती थी और तुरंत यूएसडीटी क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर विदेश भेज दी जाती थी, जिससे रकम का सुराग न लगे. पुलिस ने आरोपियों के पास से विभिन्न बैंकों के 15 एटीएम कार्ड जब्त किए हैं. सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड लिया जा रहा है, ताकि कुल लेन देन की राशि और गिरोह के अंतरराष्ट्रीय संपर्कों का खुलासा किया जा सके.

# दिनदहाड़े सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

- अलमारी के लॉक तोड़कर कीमती सामान साफ
- लॉकर की चाबी भी ले उड़े बदमाश

नव भारत न्यूज

**इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र की पॉश कॉलोनी ओमेक्स सिटी में दिनदहाड़े चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है. सूना मकान देखकर बदमाशों ने ताले तोड़े और घर में रखे कीमती सामान के साथ बैंक लॉकर की चाबी लेकर फरार हो गए.**

ओमेक्स सिटी निवासी विजयलक्ष्मी पति स्व. राजेंद्र जादौन ने लसूड़िया थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है. फरियादी ने बताया कि वह किसी काम से घर से बाहर गई हुई थीं. जब वह सुबह करीब 11 बजे वापस लौटीं, तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला. अंदर जाकर देखा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और कमरे में रखी अलमारियों के लॉक भी टूटे हुए थे. अज्ञात बदमाश अलमारी में रखा कीमती सामान, नकदी और यूनियन बैंक के लॉकर की एक चाबी चोरी कर ले गए. बैंक लॉकर की चाबी चोरी होने से फरियादी और कॉलोनी के रहवासी खासे दहशत में हैं.

### सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं ओमेक्स सिटी के रहवासी

दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद ओमेक्स सिटी के निवासियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है. सूचना मिलते ही लसूडिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना किया. थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ की गई है, कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि शीघ्र ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा. पुलिस को आशंका है कि बदमाशों ने पहले मकान की रेकी की थी और घर सूना पाते ही वारदात को अंजाम दिया. फिलहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# उम्रकैद की सजा काट रहे हत्या के आरोपी की इलाज के दौरान मौत

- दिल की बीमारी के चलते बड़वानी जेल से एमवाय अस्पताल किया था रेफर

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** एमवाय अस्पताल में हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे एक कैदी की उपचार के दौरान मौत हो गई. कैदी को गंभीर तबीयत बिगड़ने पर बड़वानी जेल से इंदौर रेफर किया था.

मृतक की पहचान गर्जारी पिता अमरसिंह उम्र 60 वर्ष, निवासी बड़वानी के रूप में हुई है. गर्जारी को अपने ही एक रिश्तेदार की हत्या के मामले में दोषी करार दिया गया था और वह बड़वानी जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था. बताया जा रहा है कि कैदी गर्जारी लंबे समय से हृदय रोग से पीड़ित था. 25 दिसंबर को जेल में अचानक उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई, जिसके बाद जेल प्रशासन ने उसे तत्काल इंदौर के एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया. यहां पिछले तीन दिनों से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उसका इलाज कर रही थी, लेकिन हालत में सुधार नहीं हो सका. इलाज के दौरान कैदी ने दम तोड़ दिया. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी, पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# कालका माता मंदिर के पुजारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

- घरेलू कलह के चलते पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप
- शादी को साल भी नहीं गुजरा था कि विवाहिता ने कर लिया सुसाइड

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** विजयनगर स्थित कालका माता मंदिर के पुजारी के खिलाफ पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है. यह कार्रवाई मृतका के मायके पक्ष के बयानों और जांच के आधार पर की गई है. मृतका की एक साल पहले ही शादी हुई थी. लगातार पारिवारिक विवाद और मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर महिला द्वारा आत्मघाती कदम उठाने की बात सामने आई है.

विजयनगर थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि कालका माता मंदिर के पुजारी राहुल यादव, निवासी रसोमा लैबोरेटरी के पास की पत्नी 21 वर्षीय तमन्ना यादव ने 15 नवंबर को चूहामार दवा का सेवन कर आत्महत्या कर ली थी. घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की थी. जांच में सामने आया कि तमन्ना की शादी 2 दिसंबर 2024 को राहुल यादव के साथ सामाजिक रीति-रिवाज से हुई थी. शादी के कुछ समय बाद से ही पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गए थे. पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आए कि छोटी-छोटी बातों पर होने वाले झगड़ों और घरेलू क्लेश के चलते तमन्ना मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगी थी.

### घटना वाले दिन भी हुआ था पति-पत्नी में विवाद

परिजनों ने पुलिस का बताया कि उसे लगातार प्रताड़ना झेलनी पड़ रही थी. घटना वाले दिन भी घर में विवाद हुआ था, जिसके बाद तमन्ना ने चूहामार दवा खा ली थी. तबीयत बिगड़ने पर उसने खुद पति को इसकी जानकारी दी. इसके बाद राहुल यादव उसे तत्काल इलाज के लिए देवास नाका स्थित विवेक मेमोरियल हॉस्पिटल लेकर पहुंचा, जहां उसे भर्ती कराया. डॉक्टरों ने कई घंटों तक इलाज किया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ और 15 नवंबर को तमन्ना की मौत हो गई. मर्ग जांच के दौरान पुलिस ने मृतका के मायके पक्ष के बयान दर्ज किए और वैवाहिक जीवन से जुड़े साक्ष्य जुटाए. जांच में पति द्वारा की जा रही मानसिक प्रताड़ना की पुष्टि होने पर पुलिस ने राहुल यादव के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया है. मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है.

## एक नजर में

### पटेल व संजय बागड़ी को रामचंद्र राहगीर रत्न पुरस्कार




**इंदौर.** एवरेस्ट राष्ट्रपति स्काउट वेंचर क्लब द्वारा स्काउट मास्टर स्व. रामचंद्र राहगीर की 111वीं जन्मजयंती आरआरएमबी गुजराती हायर सेकेंडरी स्कूल, इंदौर में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई. कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में रिटा. कर्नल सुशील सिंह चौहान, गुजराती समाज के मंत्री पंकज संघवी, प्राचार्या श्रीमती ज्योत्सना नागदे एवं रामदास गोयल उपस्थित रहे. इस अवसर पर वर्ष 2025 का रामचंद्र राहगीर रत्न सम्मान समाजसेवा एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए लक्ष्मीकांत पटेल एवं संजय बागड़ी को प्रदान किया गया. कार्यक्रम में क्लब के सचिव मनीष अग्रवाल ने वर्षभर की गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया. वहीं, असीम जैन ने सन 1960 से अब तक बने राष्ट्रपति स्काउट्स की ऐतिहासिक जानकारी साझा की. मुख्य अतिथि का स्वागत सतीश गुप्ता ने किया. कार्यक्रम में विशेष रूप से अरविंद गुप्ता, दीपक जाजोदिया, बाबुलाल मंगल, शंकरलाल बोरासी, विनोद अग्रवाल, भूपेन्द्र गज्जर, विजय कानूनगो, मदन प्रजापत, डॉ. यशवन्त गोयल, दिनेश मितल, सीए सतीश पटेल, विनोद साहनी एवं राजेंद्र गोहिल उपस्थित रहे. मनीष अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया. संचालन मनीष गुप्ता ने किया.

### कांग्रेस ने अपना 140वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



**महू.** शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी का 140वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण कर मनाया. शहर कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू खान ने बताया कि प्रात: 10.30 बजे शहर कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष योगेश यादव, पूर्व कंट बोर्ड उपाध्यक्ष कैलाश दत्त पांडे ने अपने संबोधन में देश की मोदी सरकार की नीतियों की तीखी निंदा की. इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के कंधे से कंधे मिलाकर चलने का संकल्प भी लिया गया. इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता यदुनंदन पाटीदार, पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव शक्ति सिंह गोयल, विजेंद्र सिंह चौहान, पुनीत शर्मा, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष ओम पटेल, आनंद गोगलिया, अमित अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल, रवीश जादम, गोविंद शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हुकुम अंजना, राजकुमार बागड़ी, विनोद भार्गव, शेखर मालवीय आमिर खान, अल अमन खान, मुन्नालाल वर्मा, प्रीतम वर्मा गोना, विकी कौशल, मनमोहन कौशल, रकीब मेहर, संतोष अग्रवाल, विकी कौशल, सतीश शेखावत, ओमप्रकाश लोट आदि सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे. संचालन कार्यवाहक अध्यक्ष विजय नौलक्खा ने किया तथा आभार कार्यवाहक अध्यक्ष रवि मिश्रा ने माना.

### 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन आज



**महू.** नीमच रोड स्थित चिनार पार्क कॉलोनी में गायत्री परिवार महूगांव के तत्वावधान में चल रहे 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का पूर्णाहुति के साथ सोमवार को समापन होगा. शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में शुरू हुए इस धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ 26 दिसंबर से हुआ था. महायज्ञ के पहले दिन दोपहर 1 बजे पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कलश यात्रा निकाली गई. इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और श्रद्धालु शामिल हुए. महिलाओं ने कांवड़ में पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के साहित्य को रखकर अपनी श्रद्धा प्रकट की. यात्रा के चलते पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया. कलश यात्रा के दौरान अहिल्याबाई होल्कर, रानी लक्ष्मीबाई, भारत माता और छत्रपति शिवाजी की मनमोहक झांकियां प्रदर्शित की गई थीं. इन झांकियों के माध्यम से नारी शक्ति और देशभक्ति का संदेश दिया गया. चलित झांकियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे. इस 51 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन केवल धार्मिक शांति के लिए ही नहीं, बल्कि सामाजिक सुधार के लिए भी किया जा रहा है.



# शातिर बदमाश, छह माह के लिए जिलाबदर

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पुलिस आयुक्त ने एक शातिर बदमाश के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है. लंबे समय से अपराधों में लिप्त बदमाश को इंदौर जिला और आसपास के सीमावर्ती जिलों की सीमा से छह माह के लिए बाहर कर दिया है.**

थाना प्रभारी आरडी कानवा ने बताया कि परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में सक्रिय बदमाश विलास उर्फ चिंटू उर्फ धाणा पिता अशोक ढाडे, उम्र 29 वर्ष, निवासी टापू नगर, के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की गई है. जारी आदेश के अनुसार आरोपी को छह माह की अवधि के लिए जिला इंदौर (नगरीय एवं देहात) और उससे लगे सीमावर्ती जिलों की सीमाओं में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया है. आरोपी विलास उर्फ चिंटू उर्फ धाणा का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और वह क्षेत्र में लगातार अपराधों में लिप्त पाया गया. उसकी गतिविधियों से इलाके में भय और अशांति का माहौल बना हुआ था. इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त द्वारा यह सख्त कदम उठाया गया है.

# बदमाशों से लेकर शराबी ड्राइवरों तक पुलिस ने कसा शिकंजा

- रातभर चली सघन चेकिंग में 1369 बदमाशों को किया चेक
- 651 पर कार्रवाई 317 वाहन चालक भी पकड़े





**इंदौर.** नववर्ष को देखते हुए पुलिस ने शहरभर में सघन चेकिंग और पेट्रोलिंग अभियान चला रखा है. इसके तहत गुंडे बदमाशों, असामाजिक तत्वों और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ एक ही रात में बड़ी कार्रवाई की गई.

पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर 27-28 दिसंबर की दरमियानी रात करीब 3 बजे तक इंदौर शहर के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष चेकिंग और कॉम्बिंग गश्त की गई. चारों जोन के डीसीपी, वरिष्ठ अधिकारी और थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने गुंडे-बदमाशों और असामाजिक तत्वों पर नजर रखी. इस दौरान कुल 1369 बदमाशों को चेक किया, जिनमें से 651 के खिलाफ कार्रवाई की. पुलिस ने विभिन्न प्रकरणों में 227 से अधिक वारंट तामील कराए, जिनमें 61 स्थाई, 84 गिरफ्तारी और 82 जमानती वारंट शामिल रहे, साथ ही 107 समंस भी तामील किए.

### ड्रिंक एंड ड्राइव में 317 वाहन चालकों को पकड़ा

शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की गई. कुल 317 वाहन चालकों को पकड़ा, जिन पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 185 प्रकरण बनाए. सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ 27 प्रकरण और अवैध मादक पदार्थ का सेवन करने वालों पर 6 प्रकरण दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई. आदतन बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए विभिन्न धाराओं में 74 बदमाशों पर कार्रवाई की. वहीं, हॉटस्पॉट और शैडो एरिया में ड्रोन से निगरानी कर 700 से अधिक निगरानीशुदा, नकबजन, लुटेरे, चाकूबाज और जिलाबदर बदमाशों को चेक किया.

# सांवेर बायपास पर बड़ा हादसा टला, नाले में पलटी यात्री बस

**इंदौर.** सांवेर बायपास पर एक यात्री बस नाले में उतरकर पलट गई. बस में करीब 25 यात्री सवार थे. हादसे में एक बच्चा समेत पांच यात्रियों के घायल होने की जानकारी सामने आई है. गनीमत यह रही कि नाले में पानी ज्यादा नहीं था, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई.

उज्जैन ओंकारेश्वर के बीच चलने वाली यात्री बस नम्बर एमएच 20 डीडी 0565 सुबह करीब 4.30 बजे सांवेर बायपास के समीप बिंजालिया वेयरहाउस के पास हादसे का शिकार हो गई. बताया जा रहा है कि सुबह के समय घना कोहरा होने के कारण बस चालक को सामने का रास्ता साफ नजर नहीं आया और बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरते हुए नाले में जा गिरी, जहां पलटी खा गई. बस में



करीब 20 से 25 यात्री सवार थे. हादसे के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई. कुछ यात्री बस के पलटते ही बाहर निकल गए, जबकि कुछ नाले में फंस गए थे. मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल मदद करते हुए यात्रियों को बाहर निकाला.

### दो गंभीर घायलों को एमवाय अस्पताल भेजा

हादसे में पांच यात्रियों के घायल होने की बात सामने आई है, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घायल लखन नायक, मुकेश तोमर और ओमप्रकाश मकवाना को सांवेर के सिविल अस्पताल भेजा गया, जबकि दो गंभीर रूप से घायल यात्रियों को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल रेफर किया है. सांवेर थाना प्रभारी विजयशंकर महोबिया का कहना है कि बस दुर्घटना की सूचना मिली थी, घायलों को सीधे अस्पताल भेजा है, पुलिस मामले की जांच कर रही है और बस पलटने के कारणों की पड़ताल की जा रही है.

# विजयनगर में सिग्नल से भिड़ी यात्री बस

**इंदौर.** शहर में ट्रैफिक पैटर्न बदलने के बाद रविवार सुबह विजयनगर इलाके में एक यात्री बस ट्रैफिक सिग्नल से जा टकराई. टक्कर इतनी तेज थी कि सिग्नल सड़क पर गिर गया, हालांकि बस में सवार यात्रियों को खरोंच तक नहीं आई.

हादसा सुबह करीब 5.30 बजे रसोमा चौराहे के पास हुआ. उदयपुर से भोपाल जा रही अशोक ट्रैवल्स की एसी स्लीपर बस विजय नगर की ओर आ रही थी. इसी दौरान बस सीधे सड़क के बीच लगे ट्रैफिक सिग्नल से टकरा गई. टक्कर के बाद सिग्नल उखड़कर



नीचे गिर गया और बस के अगले हिस्से को नुकसान पहुंचा. बस में करीब 35 यात्री सवार थे. हादसे के बाद बस में कुछ देर अफरा तफरी मची, लेकिन सभी यात्री सुरक्षित पाए गए. थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि बस की रफ्तार ज्यादा नहीं थी. पूछताछ में बस चालक प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि बीआरटीएस हटने के बाद सड़क की बनावट और सिग्नल की स्थिति बदल गई है. अचानक सामने सिग्नल आने से उन्हें भ्रम हो गया और ब्रेक लगाते-लगाते बस टकरा गई. सूचना मिलते ही गश्त कर रहे पुलिस जवान मौके पर भेज दिए थे. यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और ट्रैफिक व्यवस्था बहाल करवा दी है. हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, लेकिन ट्रैफिक सिग्नल और बस दोनों को नुकसान पहुंचा है.

**एक नजर में** — विफल होता दिखाई दे रहा है नगर निगम का बड़ा प्रोजेक्ट्स, खान नदी भी नहीं हो सकी प्रदूषण मुक्त

# जिम्मेदारों की अनदेखी : नाला टेपिंग प्रोजेक्ट की फाईल पर चढ़ती जा रही धूल



**इंदौर.** नगर निगम के बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक नाला टेपिंग की फाईल पर इन दिनों धूल बढ़ती जा रही है, वहीं शहर की खान नदी भी दूषित रहित नहीं हो सकी. करोड़ों खर्च होने पर भी यह प्रोजेक्ट विफल होता दिखाई दे रहा है.

शहर में बड़े-छोटे कितने नाले हैं, यह आकलन लगाना तो मुश्किल है, लेकिन नाले तो हैं यह सही है और अभी तक वह पूरी तरह से खुले हुए हैं, जहां से बड़ी तादाद में विभिन्न तरह के जीव-जंतु, मच्छर, मखियां और आस-पास के क्षेत्र में पहुंचकर बीमारियां फैला रहे हैं. इससे निपटने के लिए वर्ष 2020 में सीवरेज लाईन को भूमिगत करने का कार्य आरंभ हुआ. नाला टेपिंग और नालों को सुखाकर साफ-सुथरे करने पर भी करोड़ों खर्च किए गए, लेकिन कुछ हासिल नहीं हो पाया. शहर में छोटे-बड़े नाले-नालियों/सीवर की कोई निश्चित संख्या सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है, क्योंकि यह एक बड़ा शहर है, जिसमें नगर निगम के अंतर्गत 22 जोन और 85 वार्ड हैं और नालों की संख्या हर जोन में अलग-अलग है. खुले नालों की समस्या वाले क्षेत्रों में तिलक नगर, पिपलियाहाना, टापू नगर, द्वारकापुरी, सिंकदरबाद, गीता नगर, सीपी शेखर नगर, बियाबानी, खजराना, गंगवाल बस स्टैंड, अमितेश नगर, चंद्राभागा, परदेसीपुरा, पलहारनगर जैसे इलाके शामिल हैं और शहर के इन सभी नालों से खान नदी प्रभावित हो रही है. साथ ही कई बीमारियां फैल रही हैं.

### यह बोले नागरिक...



कुछ वर्ष पहले खान नदी को लेकर आंदोलन हुआ था. करोड़ों का बजट बनाया गया, लेकिन समय बीतते-बीतते सब रुक गया. अब खान नदी के शुद्धीकरण पर बात ही नहीं हो रही है.

**- नवाज शरीफ खान**



नाला टेपिंग की बात भी ठंडी पड़ गई. अगर इस प्रोजेक्ट का सफलतापूर्वक किया गया तो खान नदी शुद्ध हो जाएगी, जिसके फलस्वरूप इससे होने वाली बीमारियों से लोग सुरक्षित हो जाएंगे.

**- प्रवीण चौहान**



नाले सुखाए, उनमें क्रिकेट खेला, लेकिन पहली बरसात में ही सब विफल हो गया. शहर के सैकड़ों नालों में आज भी गंदगी बह रही है, जिन पर अब कोई ध्यान ही नहीं दे रहा.

**- संजय धाकड़**